Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 27-02-2006

Participants : Meghwal Shri Kailash

Title : Regarding the need for Central take over of Bisalpur Irrigation Project in Tonk district, Rajasthan so as to ensure its early completion.

श्री कैलाश मेघवाल (टोंक) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के टोंक जिले में बीसलपुर परियोजना क्षेत्र में नहर निर्माण एवं वितरिका निर्माण का कार्य राजस्थान सरकार के सिंचाई विभाग द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। खालों के निर्माण एवं ओ.एफ.डी कार्य केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के अंतर्गत निर्माण करने हेतु प्रस्ताव जल संसाधन मंत्रालय को भिजवाये जा चुके हैं। प्रमुख शासन सचिव जल संसाधन, राजस्थान सरकार ने 14 मई, 2004 को इन प्रस्तावों पर जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार में परियोजना की स्वीकृति के क्रम में विचार विमर्श किया, साथ ही 21 मार्च, 2005 को मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी केन्द्रीय मंत्री, जल संसाधन से निवेदन किया जा चुका है। जल संसाधन मंत्रालय ने उनके पत्रांक 2 मई, 2005 द्वारा यह अवगत कराया है कि राजस्थान में चल रही स्वीकृत परियोजनाओं में से कोई परियोजना पूर्ण होने पर यह किसी परियोजना को बंद करने पर बीसलपुर परियोजना की स्वीकृति हेतु विचार संभव है। यह सोच बिल्कुल अनुचित एवं किसानों के हितों के विपरीत है क्योंकि वर्तमान में सी.ए.डी के अंतर्गत राजस्थान राज्य में इंदिरा गांधी नहर परियोजना, चम्बल परियोजना एवं सिद्धमुख नहर परियोजना क्रियान्वित की जा रही है, जिनमें अभी तक 11.75 लाख हेक्टेयर में ओ.एफ.डी कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, ये सभी परियोजनाएं वृहत प्रवृत्ति की हैं, जिन्हें पूरा होने में लगभग 6 साल का समय लगना संभव है। अतः बीसलपुर परियोजना को केन्द्रीय प्रवर्तित योजना में अविलम्ब सम्मिलित करने की स्वीकृति जारी करें, जिससे सृजित सिंचाई क्षमता का वास्तविक उपयोग किया जा सके।